# JAIN VISHVA BHARATI INSTITUTE, LADNUN

## DISTANCE EDUCATION EXAMINATION - 2023

## MASTER OF ARTS IN HINDI

## (PREVIOUS YEAR)

## PAPER I - ADHUNIK HINDI KAVYA

**TIME : 3.00 HOURS** **ROLL NO. ......................** **MM : 70**

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।**

प्र. 1.निम्नांकित में से किन्हीं तीन गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। **3x10=30**

(अ) ''कौन तुम? संसृतिद–जलनिधि–तीर
तरंगों से फेंकी मणि एक,
कर रहे निर्जन का चुपचाप
प्रभा की धारा से अभिषेक !
मधुर विश्रांत और एकान्त–
जगत् का उलझा हुआ रहस्य,
एक करूणामय सुन्दर मौन
और चंचल मन का आलव्य।''

(ब) ''साधु, साधु, साधक धीर, धर्म–धन धन्य राम।''
कहं, लिया भगवती ने राघव का हस्त थाम।
देखा राम ने सामने श्री दुर्गा, भास्वर
वामपद असुर–स्कन्द पर, रहा दक्षिण हरि पर;
ज्योतिर्मय रूप, हस्त दश विविध अस्त्र–सज्जित,
मन्द स्मित मुख, लख हुई विश्व की श्री लज्जित।

(स) समर निंध है धर्मराज, पर,
कहो, शान्ति वह क्या है
जो अनीति पर स्थित होकर भी
बनी हुई सरला है?

(द) हम नदी के द्वीप हैं।
हम नहीं कहते कि हम को छोडकर स्रोतस्विनी बह जाय।
वह हमें आकर देती है।
हमारे कोण, गलियाँ, अन्तरदीप, उभार, सैकत कूल
सब गोलाइयाँ उसकी गढ़ी है।
माँ है वह है, इसी से हम बने हैं।

प्र. 2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (आलोचनात्मक प्रश्न) **2x10=20**

(अ) अज्ञेय का परिचय देते हुए उनकी महत्त्वपूर्ण रचनाओं का समीक्षात्मक विश्लेषण कीजिए।

अथवा

आचार्य महाप्रज्ञ के जीवन परिचय के साथ उनके साहित्य सर्जन का विस्तार से परिचय दीजिए।

(ब) जगन्नाथदास ''रत्नाकर'' का साहित्यिक मूल्यांकन कीजिए।

अथवा

आधुनिक हिन्दी साहित्य की पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए आधुनिक हिन्दी काव्य के स्रोतों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

प्र. 3. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए–(लघूत्तरात्मक प्रश्न) **3 x 5=15**

(i) हिन्दी साहित्य का काल–विभाजन करते हुए आधुनिक काल के नामकरण पर विचार कीजिए।

(ii) आधुनिक कविता के विकास का सामान्य परिचय दीजिए।



(iii) भारतेन्दु युग की सामाजिक परिस्थिति का वर्णन कीजिए।

(iv) नई कविता की मान्यताएं समझाइए।

(v) साकेत के नवम सर्ग का सार संक्षेप लिखिए।

(vi) अज्ञेय की रचनाओं का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

प्र. 4. निम्नदांकित दस प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (अतिलघूत्तरी प्रश्न) **10 x ½= 05**

(i) अज्ञेय का पूरा नाम लिखिए।

(ii) आधुनिक काल को अन्य किस नाम से जाना जाता है?

(iii) आधुनिक हिन्दी कविता के प्रवर्तक का नाम लिखिए।

(iv) भारतेन्दु द्वारा रचित पहेलियाँ, मुकरियाँ किस कवि से प्रभावित, प्रेरित है?

(v) द्विवेदी युग के दो प्रमुख कवियों के नाम लिखिए।

(vi) छायावाद का आरम्भ कब से माना जाता है?

(vii) ''भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ'' की स्थापना कब और कहाँ हुई?

(viii) ''तार सप्तक'' का प्रकाशन कब हुआ?

(ix) ''नई कविता'' पत्रिका का प्रकाशन कहाँ से होता था?

(x) आचार्य महाप्रज्ञ द्वारा प्रणीत महाकाव्य का नाम लिखिए।

♦♦♦

(xiii) निबंधकार विद्यानिवास मिश्र ने कौनसे निबंध में भारतीय संस्कृति के मांगलिक प्रतीक गिनाये हैं?

(xiv) राजा निरबंसिया कहानी के लेखक का नाम बताइए।

(xv) गजाधर बाबू पाठ्यक्रम वर्णित किस कहानी के पात्र हैं।

♦♦♦





# JAIN VISHVA BHARATI INSTITUTE, LADNUN

## DISTANCE EDUCATION EXAMINATION - 2023
## MASTER OF ARTS IN HINDI
## (PREVIOUS YEAR)
## PAPER II - GADHYA SAHITYA

**TIME : 3.00 HOURS** **ROLL NO. ......................** **MM : 70**

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।**

प्र. 1. निम्नांकित में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए– **3x8=24**

(i) राजकुमार, ब्राह्मण न किसी के राज्य में रहता है और न किसी के अन्न से पलता है स्वराज्य में विचरता है और अमृत होकर जीता है। यह तुम्हारा मिथ्या गर्व है। ब्राह्मण सब कुछ सामर्थ्य रखने पर भी, स्वेच्छा से इन माया–स्तूपों को ठुकरा देता है, प्रकृति के कल्याण के लिए अपने ज्ञान का दान देता है।

(ii) जिसकी आत्मा में बल नहीं, अभिमान नहीं, वह और चाहे कुछ भी हो आदमी नहीं है। जिसे दुश्मन के भय के मारे रात को नींद न आती है, जिसके दुःख पर सब हँसे और रोने वाला कोई न हो, जिसकी चोटी दूसरों के पैरों के नीचे दबी हो, जो भोग–विलास के नशे में अपने को बिल्कुल भूल गया हो, जो हुक्काम के तलवे चाटता हो और अपने अधीनों का खून चूसता हो, उसे मैं सुखी नहीं कहता, वह तो संसार का सबसे अभागा प्राणी है।

(iii) 'लज्जा' के अनुभाव हैं सिर उपर नहीं उठना, मुँह छुपाना, साफ–साफ बात कहते नहीं बनाना– ये अनुभाव जिस व्यक्ति में होंगे, उतना ही वह लज्जाशील होगा वहीं 'ग्लानि' अपनी बुराई, मूर्खता, तुच्छता का एकांत में अनुभव करने पर चित्तवृतियों के शैथिल्य को 'ग्लानि' कहते हैं 'ग्लानि' हमेशा उन्हीं के हृदय में उत्पन्न होती है जो सात्विक, संस्कारशील और उदार वृति होते हैं।

(iv) दिनभर पाजेब मुन्नी पहने रहती है। खो न जाए या टूट न जाए इसलिए माता–पिता आदतन सहेजकर रख देते हैं। वयस्क आदमी के अंतस में ही–न–कहीं बालक बैठा होता है। पत्नी कहती है– मैं भी पाजेब बनवा लूँ? पति का अभिभावक रूप मुखरित हो उठता है– तु कौन चार बरस की नहीं हो?

**प्र. 2. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **2x10= 20**

(i) ''आषाढ़ का एक दिन'' नाटक का कथासार अपने शब्दों में लिखिए।

(ii) 'पाजेब' जैनेन्द्र की एक बाल मनोविश्लेषक कहानी है। कथन के आधार पर कहानी की समीक्षा कीजिए।

(iii) गोदान उपन्यास के औपन्यासिक शिल्प की विवेचना कीजिए।

**प्र. 3. लघूत्तरात्मक प्रश्न (कोई चार)** **4x4=16**

(i) वापसी कहानी के प्रमुख पात्र गजाधर बाबू की अन्तःव्यथा को अपने शब्दों में वर्णित कीजिए।

(ii) गुलकी बन्नों कहानी स्वाभीमानी भारतीय नारी की करूण गाथा है। स्पष्ट कीजिए।



(iii) निबंध हल्दी दूब और दधि अच्छत का भारतीय संस्कृति से साम्य स्थापित कीजिए।

(iv) गौदान उपन्यास के पात्र होरी की चारित्रिक विशेषताओं को उद्घाटित कीजिए।

(v) निबंध ''कवियों की उर्मिला विषयक उदासीनता'' में लेखक ने उर्मिला की किन विशेषताओं की और पाठकों का ध्यान आकर्षित किया।

**प्र. 4. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न (कोई दस)** **10x1=10**

(i) मुंशी प्रेमचन्द रचित किन्हीं दो कहानियों के नाम लिखिए।

(ii) पाठ्यक्रम वर्णित किसी एक बाल मनोवैज्ञानिक कथाकार का नाम लिखिए।

(iii) निसाद बांसूरी निबंध के लेखक का नाम बताइए।

(iv) कहानी सम्राट प्रेमचन्द का जन्म वर्ष लिखिए।

(v) निपुणिका किस उपन्यास की प्रमुख पात्र है?

(vi) आषाढ़ का एक दिन नाटक के नाटककार का नाम लिखिए।

(vii) 'पथ के साथी' कहानी के कहानीकार का नाम लिखिए।

(viii) 'चन्द्रधर शर्मा गुलेरी कृत उसने कहा था' कहानी का प्रकाशन वर्ष लिखिए।

(ix) बाणभट्ट की आत्मकथा किस लेखक की रचना है?

(x) 'भारतीय साहित्य की एकता' निबंध के निबंधकार का नाम लिखिए।

(xi) गोदान उपन्यास में होरी के बेटे का नाम लिखिए।

(xii) पाठ्यक्रम वर्णित ''होली'' निबंध के निबंधकार का नाम लिखिए।

(ix) वक्रोक्ति क्या है?

(x) पाश्चात्य काव्यशास्त्र के पहले समीक्षक कौन हैं?

(xi) उदात्त के कितने दोष हैं?

(xii) 'काव्य जीवन की आलोचना है' किसने कहा था?

(xiii) फ्रायड जीवन की मूल प्रेरणा किसे कहते हैं?

(xiv) केशव के लक्षण ग्रन्थों के नाम बताइये।

(xv) आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने हिन्दी रीति ग्रन्थों की परम्परा की शुरूआत किस आचार्य से मानी।

♦♦♦





# JAIN VISHVA BHARATI INSTITUTE, LADNUN

## DISTANCE EDUCATION EXAMINATION - 2023
## MASTER OF ARTS IN HINDI
## (PREVIOUS YEAR)
## PAPER III - KAVYASHASTRA EVAM SAHITIYALOCHAN

**TIME : 3.00 HOURS** **ROLL NO. ......................** **MM : 70**

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।

प्र. 1. काव्य लक्षण क्या है? विभिन्न संस्कृत आचार्यों द्वारा प्रवर्तित काव्य–लक्षणों की विवेचना कीजिए। 10

**अथवा**

काव्य प्रयोजन क्या है? काव्य प्रयोजन और काव्य हेतु में क्या अन्तर है? विभिन्न काव्य प्रयोजनों का उल्लेख कीजिए।

प्र. 2. अरस्तू के अनुकरण सिद्धान्त की विवेचना कीजिए। 10

**अथवा**

लौंजाइनस का उदात्त क्या है? उदात्त के विभिन्न स्त्रोतों का विश्लेषण कीजिए।

प्र. 3. 'स्वच्छन्दतावाद' क्या है? इस धारा की प्रमुख विशेषताओं को उद्घाटित कीजिए। 10



कृ.पृ.उ.

**अथवा**

फ्रायड ने मानव व्यक्तित्व के शिल्पीकरण की प्रक्रिया में किन तत्त्वों को महत्त्वपूर्ण माना है? विश्लेषण कीजिए।

प्र. 4. निम्नलिखित पद्यांशों की व्यावहारिक समीक्षा कीजिए– **10**

अति सुधो सनेह को मारता है जहाँ नेकुसयान प बांक नहीं।
तहाँ साँचे चलैंसानि आपुन पौ झझकै कपटी जो निहाँक नहीं।
धन आनंद प्यारे सुजान सुनौ इत एक तै दूसरो आँक नहीं।
तुम कौन धों पाटी पढ़े हो लला मनलेहु पै देहु छटांक नहीं।

**अथवा**

पानी में घिरे हुए लोग
प्रार्थना नहीं करते
वे पूरे विश्वास से देखते हैं पानी को
और एक दिन
बिना किसी सूचना के
खच्चर, बैल या भैंस की पीठ पर
घर असलाब लादकर
चल देते हैं कहीं और
यह कितनी अद्‌भुत बात है
कि बाढ़ जितनी भयानक हो
उन्हें पानी में थोडी सी जगह
जरूर मिल जाती है।

प्र. 5. निम्नांकित प्रश्नों में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिये– **5 x 3 = 15**



(i) विभिन्न प्रकार के काव्य हेतु कितनी प्रकार के होते हैं?

(ii) साधारणीकरण क्या है?

(iii) अलंकार को परिभाषित कीजिए।

(iv) आचार्य वामन के अनुसार रीति को परिभाषित कीजिए।

(v) कुन्तक के वक्रोक्ति का विवेचन कीजिए।

(vi) औचित्य सिद्धान्त की प्रमुख विशेषताएं बताइये।

(vii) विरेचन क्या है?

प्र. 6. निम्नलिखित पन्द्रह प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **15 x 1 = 15**

(i) संस्कृत काव्यशास्त्र में रस सिद्धान्त के प्रवर्तक कौन हैं?

(ii) विमाय कितने प्रकार के होते हैं?

(iii) भरतमुनि की कृति का नाम बताइये।

(iv) अनुभावों को कितने भागों में विभक्त किया है?

(v) शब्दालंकार क्या है?

(vi) अर्थालंकार क्या है?

(vii) रीति सम्प्रदाय के प्रवर्तक कौन हैं?

(viii) वामन ने रीति किसे कहा?

# JAIN VISHVA BHARATI INSTITUTE, LADNUN

## DISTANCE EDUCATION EXAMINATION - 2023
## MASTER OF ARTS IN HINDI
## (PREVIOUS YEAR)
## PAPER IV - HINDI SAHITYA KA ITIHAS

**TIME : 3.00 HOURS** **ROLL NO. ......................** **MM : 70**

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।**

प्र. 1. निम्नांकित सभी प्रश्नों के उत्तर एक–एक वाक्य में दीजिए। **10 X 1 = 10**

(i) लाहौर ऑरिएंटल कॉलेज की स्थापना कब हुई?

(ii) उर्दू पत्र–लेखन की परम्परा में पत्र–लेखन की प्रसिद्धि का श्रेय किसको दिया जाता है?

(iii) हिन्दी साहित्य के वृहत् इतिहास को कितने खण्डों में बांटा गया है?

(iv) आचार्य शुक्ल के अनुसार आदिकाल का नामांकन और सीमांकन लिखिए।

(v) रहस्यवाद की प्रकृति कितने प्रकार की होती है?

(vi) विशिष्टा द्वैतवादी पुष्टिमार्ग की स्थापना किसके द्वारा की गई?

(vii) सूफी साधक की चार अवस्थाएं कौन–कौन सी हैं?

(viii) 'स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह' की परिभाषा किस विद्वान के द्वारा दी गई?

(ix) रीतिकालीन कवियों को विद्वानों ने किन तीन श्रेणियों में विभाजित किया है?

(x) संत परम्परा के किन्हीं दो संत कवियों के नाम लिखिए।

प्र. 2. निम्नांकित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर (150 शब्दों में) दीजिए। **5 x 4 = 20**

(i) भारतेंदु युग का काल विभाजन और नामकरण पर विचार कीजिए।

(ii) जैन साहित्य के विविध प्रकारों पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

(iii) भक्तिकालीन सामाजिक स्थितियों को स्पष्ट कीजिए।

(iv) लौकिक साहित्य के मुख्य बिन्दुओं को स्पष्ट कीजिए।

(v) संत कवियों की मुख्य प्रवृत्तियों को संक्षेप में बताइए।

(vi) 'सूफी' शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए प्रेमाख्यान का स्वरूप बताइये।

(vii) कृष्ण भक्ति काव्य में वात्सल्य और श्रृंगार पर प्रकाश डालिए।

प्र. 3. निम्नांकित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर (250 शब्दों में). दीजिए। **4 x10 =40**

(i) निबन्ध की विकास यात्रा को बताते हुए, संस्मरण साहित्य को स्पष्ट कीजिए।

(ii) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल और हिन्दी आलोचना को स्पष्ट करते हुए स्वातंत्र्योतरवादी आलोचना पर विस्तार से वर्णन कीजिए।



(iii) उपन्यास की विकास यात्रा को कितने भागों में बांटा गया है। प्रेमचद्रोत्तर उपन्यास को विस्तार से समझाइये।

(iv) समकालीन कविता में आधुनिकता का अर्थ स्पष्ट करते हुए, समकालीन काव्य सृजन की मूल प्रवृत्तियों (विशेषताओं) का विवरण दीजिए।

(v) प्रयोगवाद का आरम्भ कब और क्यों हुआ था? आलोचना कीजिए।

(vi) मीरा और कबीर के रहस्यवाद में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

♦♦♦

# JAIN VISHVA BHARATI INSTITUTE, LADNUN

## DISTANCE EDUCATION EXAMINATION - 2023
## MASTER OF ARTS IN HINDI
## (PREVIOUS YEAR)
## PAPER V - JAIN SANSKRITI EVAM JEEVAN MULYA

**TIME : 3.00 HOURS** **ROLL NO. ....................** **MM : 70**

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**Note : Attempt all questions.**

**प्र.1. लघूत्तरात्मक प्रश्न / Short answer type question. 11 x 1 = 11**

(i) जिन शब्द का क्या अर्थ है?
What is the meaning of Jin?

(ii) श्वेताम्बर के मुख्य सम्प्रदाय कौन से हैं?
Which are the chief sects of Swetamber tradition?

(iii) तत्त्व किसे कहते हैं?
What is Tattva?

(iv) तीन गुणव्रतों के नाम लिखें।
Write the name of three Quality Vows.

(v) धर्मास्तिकाय किसे कहते हैं?
What is Dharmastikaya?

(vi) ‘त्रिरत्न’ के नाम लिखें।
Write the name of 'Three Jewels'.

(vii) ‘प्रेक्षा’ का क्या अर्थ है?
What is the meaning of 'Preksha' word?

(viii) ‘अणुव्रत’ का क्या अर्थ है?
What is the meaning of 'Anuvrat'?

(ix) तनाव किसे कहते हैं?
What do you know about Tension?

(x) कषायों के नाम लिखिए।
Write the name of 'Kashayas'?

(xi) अनेकान्त किसे कहते हैं?
What is Anekant?

**प्र. 2.किन्हीं पांच पर टिप्पणी लिखिए–**
**Write Short note on Any Five of the following- 5 x 4 = 20**

(i) भगवान ऋषभ।
Lord Rishabha.

(ii) जैन कला।
Jain Art.

(iii) लोकवाद।
Lokvad.

(iv) जैन दर्शन में लोकतंत्र।
Democracy in Jain Philosophy.

(v) अहिंसा प्रशिक्षण।
Training is Non-Violence.

(vi) स्वास्थ्य प्रबन्ध।
Health management.

(vii) जीवन विज्ञान।
Science of Living.

प्र. 3. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखें। **3 x 13= 39**
Answer any three of the following questions in detail.

(i) भगवान महावीर के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालिए।
Throw light on the life & philosophy of Lord Mahaveer.

(ii) छः द्रव्यों पर एक निबन्ध लिखिए।
Write an essay on six substance.

(iii) अध्यात्म किसे कहते हैं? जैन दर्शन में वर्णित अध्यात्म के तत्त्वों को लिखिए।
What is the spiritulity? Write the elements of spiritulity in Jain philosophy.

(iv) अणुव्रत आन्दोलन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालिए।
Explain the aims & objectives of Annuvrat movement.

(v) प्रेक्षाध्यान के स्वरूप एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।
Throw light on the nature and aims of Prekshadhyan.

♦♦♦